विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 968 ने भरे योजना के आवेदन

भिलाईनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर 968 नागरिकों ने शिविर स्थल पर पहुंच कर योजन के लिए आवेदन जमा किये । महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, एम.आई.सी.सदस्य लालचंद वर्मा,पार्षद महेश वर्मा आयुक्त रोहित व्यास अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर मंगल बाजार कोहका एवं हरा मैदान कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला मे शिविर का शुभारंभ किये।

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का लाभ लेने तथा योजना को जानने समझने के लिए रविवार को 5 हजार से अधिक नागरिकगण शिविर स्थल पर पहुँचे उनमे खासा उत्साह देखा गया । लोग शिविर मे पहुँच कर शासन द्वारा चलाए जा रहे जनहितैषी योजनाओ के फार्म भर रहे है स्थल पर ही जिला स्वास्थ विभाग के डाक्टर मौजुद है लोग अपना परीक्षण करवा कर निःशुल्क दवा प्राप्त कर रहे है।

मेरी कहानी मेरी जुबानी

शिविर स्थल पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थी गोदावरी वर्मा, पंकज सिंग, स्वनिधि योजना के शैलेश कुमारी ,सुधीर चौधरी, सुरेखा बाई ,पी.भास्कर राव, कनक लता पी.एम.आवास के गोवर्धन वर्मा , राजू वर्मा सरोज साहू ने लोगो को बताया कि कैसे उनको शासन की योजना का लाभ प्राप्त हुआ।शिविर स्थल पर उज्जवला के गैस किट तथा स्वनिधि के प्रमाणपत्र प्रदान किया गया । अतिथियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग के गोद भराई योजना के तहत लक्ष्मी देवांगन,यामिनी,प्रमिला साहू, आरती वर्मा मधु वर्मा को किट तथा स्वस्थ शिशु के लिए हर्षित वर्मा, कुशल निषाद , सारांश, लक्ष्य वर्मा नन्हे बच्चो को सुपोषण प्रमाण पत्र प्रदान किये। शिविर स्थल पर जनप्रतिनिधियों उपस्थित नागरिको, अधिकारी कर्मचारियों ने भारत को विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने का संकल्प लिए.। शासकीय स्कुल के बालक बालिकाओं ने छत्तीसगढी संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। शिविर में पूर्व पार्षद राजेश प्रधान, अनिता वर्मा सहित क्षेत्र के नागरिक अधिकार कर्मचारी उपस्थित रहे।